तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

10 श्रीराम कथा का भव्य समापनः अविरल...



11 525 केंद्रों पर हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा...



बालोद | अर्जुदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



खबर संक्षेप

पेंशनधारी कल्याण संघ मासिक बैठक कल

बालोद। पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में 6 अक्टूबर को 12 बजे रखी गई है। अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ डॉ.आरएम. चावड़ा ने बताया बैठक में प्रान्तीय स्तर पर किये गये गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

बालोद। घर के सामने रखे मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिकारीपारा बालोद निवासी ओम प्रकाश गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि मेरे मोटर सायकल सीजी 24 वी 2560 को मेरे घर के सामने 30 सितंबर से खड़ा किया था। 02 अक्टूबर को भोजन करने के बाद रात्रि करीबन 11 बजे देखा तो मेरा मोटर सायकल घर के सामने खड़ा था उसके बाद मैं सो गया। 03 सितंबर को प्रातः करीबन 05 बजे उठकर घर के बाहर आकर देखा तो मेरा मोटर सायकल रखे हुये स्थान पर नहीं था जिसका आस-पास पता किया जो कहीं नहीं मिला। मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है।

शराब भट्ठी के पास से बाइक चोरी

बालोद। आम रास्ते के किनारे में रखे बाईक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अरजपुरी निवासी विनोद कुमार उईके ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 6095 में सवार होकर ग्राम अरजपुरी से राजनांदगांव जाने निकला था करीबन शाम 04 बजे मैं शराब भट्ठी देवरी गया शराब पीने के बाद आम रोड में नशा होने से मैं गाडी के पास सो गया रात्रि करीबन 10 बजे जगने पर देखा कि मेरी मोटर सायकल नही था कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है, मेरी मोटर सायकल का पता तलाश करते रहा नही मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं।

डंगनिया तालाब में युवती का मिला शव

भिलाई। तालाब में युवती की लाश मिली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम डंगनिया के तालाब में नम्रता उर्फ तनू साहू नामक युवकी की लाश मिली है। शव का शिनाख्त पुलिस ने किया है। ग्रामीणों ने तालाब में युवती का शव तैरते देखे जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। निरीक्षक महेश ध्रुव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। संदेह जताया जा रहा है कि युवती ने पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मरचूरी भेजा गया है। फिलहाल युवती की मौत के कारणों का पता अभी तक चल नहीं पाया है। जांच के बाद ही कारणों का पता चला पाएगा।

आयोजन

'मेरे सपनों का भारत' में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

चित्रों में उकेरी विकसित भारत की कल्पना भाषण में विद्यार्थियों ने रखे ओजस्वी विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। समस्त विकासखंडों के विजेता विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई, जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन तथा सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय एवं विकासखंड स्तर पर अव्वल रहे सभी विकासखंडों के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय स्पर्धा में पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व अभिव्यक्ति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला





प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और रंगों के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की अद्भुत कल्पना को कैनवास पर जीवंत रूप में उकेरा। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने ओजस्वी, तार्किक एवं विचारो उद्बोधन से उपस्थित निर्णायकों व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की मौलिक सोच, आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण शैली की मुक्तकंठ से सराहना की गई।जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। ये चयनित मेधावी विद्यार्थी राज्य स्तर पर बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। उल्लेखनीय है कि 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक चिंतन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता का संचार करना है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला भाजा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विकासखंडों से आए मार्गदर्शक शिक्षक, निर्णायक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

'नमो सेवा अनकही कहानी' में दिखा सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश



गुरूर। सामुदायिक भवन गुरूर में गुरुवार को नमो सेवा अनकही कहानी' विषय पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग, जिला बालोद के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय गुरूर के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अभिनय, संवाद, संगीत और नाट्य के माध्यम से सेवा, समर्पण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा और अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। संगीत, संवाद और अभिनय के सुंदर समन्वय से प्रस्तुति को प्रभावी बनाया गया। कलाकारों के मंचन के दौरान सामुदायिक भवन में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। दर्शकों ने प्रस्तुति को सराहा और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज में सेवा भावना, सामाजिक सहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ ही दर्शकों को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय गुरूर के प्राचार्य प्रो. खेमलाल रावटे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पार्षद गण, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, छात्र छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग, जिला बालोद द्वारा किया गया। संगीतमय नाट्य प्रस्तुति के नोडल अधिकारी डॉ. गौसेवक देवांगन रहे। कार्यक्रम प्रभारी सीएमओ, गुरूर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

32 पौव्वा अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत गुण्डरदेही पुलिस ने ग्राम डौकीडीह स्थित डुडिया तालाब के पास एक व्यक्ति को 32 पौव्वा रोमियो देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से बरामद शराब की कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 2,560 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर 2026 को पुलिस टीम क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डौकीडीह के डुडिया तालाब के पास एक व्यक्ति अधिक मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। वहां एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक बोरे में शराब रखे मिला।



पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश सूर्यवंशी, पिता मोतीलाल सूर्यवंशी, उम्र 40 वर्ष, निवासी अण्डा, थाना अण्डा, जिला दुर्ग बताया। पुलिस द्वारा शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की बात लिखित में बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 पौव्वा रोमियो देशी प्लेन शराब, कुल 5.760 बल्क लीटर, कीमत 2,560 रुपये बरामद कर जब्त की। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर 1 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस टीम की रही भूमिका

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्रुति सिंह के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रशिक्षु उप निरीक्षक धनेश्वर कंवर, आरक्षक यशवंत देशमुख एवं आरक्षक पंकज तारम की विशेष भूमिका रही।

पदोन्नति की मांग को लेकर आज से आंदोलन करेगा टीईटी उत्तीर्ण शिक्षण कल्याण संघ

बालोद। टीईटी उत्तीर्ण शिक्षण कल्याण संघ द्वारा अपनी मांगो को लेकर आज से आंदोलन करने की बात कही गई है। संघ ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में लंबित पदोन्नति के विरोध में 5 अक्टूबर से चरणबद्व आंि"चतकालीन आंदोलन किया जाएगा। संघ ने मांग किया है कि 15 मई 2026 लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा आदेश जारी कर 30 जून 2026 तक पदोन्नति पूर्ण करने के निर्देश दिया जाए। 30 जून 2026 दूसरी समय सीमा तय करते हुए 15 अगस्त 2026 तक प्रक्रिया पूरी करने का नया पत्र जारी हुआ है। 10 अगस्त 2026 विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी संभागीय संयुक्त संचालको एवं जिला शिक्षा अधिकारियो को 30 अगस्त 2026 तक पदोन्नति अनिवार्य रूप से करने के कड़े निर्देश दिया जाए।

विकास सौगात से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

अनिला भेंडिया की पहल से 3.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विधायक अनिला भेंडिया की पहल से विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों को बड़ी गति मिलने जा रही है। विधायक निधि एवं अन्य विभिन्न निधियों से करीब 3.50 करोड़ रुपये के अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है।

इन कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, सार्वजनिक भवन, यात्री सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। स्वीकृत कार्यों में सेवा सहकारी समिति दुधली के प्रांगण में व्यवसायिक परिसर निर्माण के साथ दुधली, खपरी, रेंगनी एवं आंवला घाटी (करतूटोला) में सीसी सड़क निर्माण शामिल है। चिखली में भी सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा आलीखुंटा, आतरगांव, कोरगुड़ा, शिकारीटोला, गारका, गुरामी, भरनाभाठ, परसाडीह, आसरा, अछोली एवं कोसमी सहित विभिन्न ग्रामों में सीसी सड़क, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक कला मंच एवं अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसी क्रम में खरथुली हायर सेकेंडरी स्कूल में डोम शेड तथा अंडी में डोम शेड निर्माण की स्वीकृति मिली है। कुदारी, कोडेक्रसा, कापसी, कुम्हालोरी, गैंजी, सेम्हरडीह, भेंडी सहित अन्य ग्रामों में ▶▶| शेष पेज 11 पर

गांवों में विकास का आधार मजबूत होगा

विभिन्न ग्रामों में एक साथ बड़ी संख्या में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इन कार्यों के लिए विधायक श्रीमती अनिला भेंडिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद विकासखंड के अनेक गांवों में मूलभूत सुविधाओं और सार्वजनिक अधोसंरचना को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

कुम्हार समाज ने सामाजिक भवन के लिए राशि आवंटन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला कुम्हार समाज बालोद के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं संजारी-बालोद विधानसभा के जनसेवक राकेश यादव को ज्ञापन सौंपकर समाज के लिए सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित कराने की मांग की।

- राकेश यादव को सौंपा ज्ञापन, सिवनी में प्रस्तावित भूमि पर भवन निर्माण की मांग



जिला कुम्हार समाज के जिलाध्यक्ष श्रीराम चक्रधारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में समाज की लंबे समय से चली आ रही भवन की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि बालोद जिले की सीमा के अंतर्गत कुम्हार समाज के लगभग 5 हजार लोग निवासरत हैं। समाज की संख्या बड़ी होने के बावजूद सामाजिक कार्योंर्, बैठकों, सामुदायिक गतिविधियों एवं विभिन्न आयोजनों के लिए वर्तमान में समाज के पास अपना कोई सामाजिक भवन उपलब्ध नहीं है। इसके चलते समाज के लोगों को बैठक एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत सिवनी के अंतर्गत भूमि को कुम्हार समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया है। समाज की ओर से मांग की गई कि उक्त प्रस्तावित स्थल पर भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत एवं आवंटित कराने की दिशा में पहल की जाए, ताकि जिलेभर के कुम्हार समाज के लोगों को सामाजिक गतिविधियों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध हो सके। कुम्हार समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक भवन बनने से समाज की बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम, सामुदायिक गतिविधियां तथा अन्य आवश्यक आयोजन व्यवस्थित रूप से किए जा सकेंगे। उन्होंने जनसेवक राकेश यादव से समाज की इस मांग को शासन स्तर तक पहुंचाकर भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने में सहयोग करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जिला कुम्हार समाज के जिलाध्यक्ष श्रीराम चक्रधारी, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष मनोहर चक्रधारी, सदस्य छगन साहू, छतेद्र चक्रधारी, मनोज चक्रधारी, अशोक चक्रधारी, तरुण चक्रधारी एवं मिलिंद चक्रधारी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

सुधीर गौतम ने शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया

1000 से अधिक ऑनलाइन कोर्स करने वाले लाल रघुवीर सिंह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उत्कृष्ट कार्यों के लिए लाल रघुवीर सिंह ठाकुर को छग राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम के हाथों सम्मानित किया गया। राज्य कर्मचारी संघ छग, जिला बालोद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

लाल रघुवीर सिंह ठाकुर ने भारत सरकार के आई-गॉट कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर 1000 से अधिक ऑनलाइन कोर्स पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह प्लेटफॉर्म मिशन कर्मयोगी यानी राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता,



ज्ञान और कौशल को बढ़ाना है। प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक नीति, नेतृत्व, नैतिकता, साइबर सुरक्षा, संचार कौशल सहित विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इसके साथ ही ठाकुर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी लगातार योगदान दे रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2017 से प्रत्येक तीन माह में नियमित रक्तदान किया है और अब तक 27 बार रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मानव सेवा के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए उन्होंने 7 मार्च 2022 को मरणोपरांत देहदान का संकल्प भी लिया और पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर को देहदान की सहमति दी। शिक्षा के क्षेत्र में भी लाल रघुवीर सिंह ठाकुर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। समारोह में उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को देखते हुए यन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी चेलक, प्रांतीय महामंत्री बोधीराम निषाद, हिंदू जागरण मंच छग के प्रांत संयोजक भूषण साहू तथा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख वीरेंद्र देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन राज्य कर्मचारी संघ छग जिला बालोद की समिति द्वारा किया गया।

राजपत्र में ओबीसी का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर महासभा का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा सरकार की ओर से 14 अगस्त 2026 को प्रकाशित राजपत्र में बिंदु क्रमांक 10 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का पृथक एवं स्पष्ट उल्लेख नहीं किए जाने के विरोध में नगर के अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया गया। महासभा ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 में ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना के लिए अनुसूची में आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग की।

इस अवसर पर ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश सहसचिव पुनेश्वर देवांगन, तहसील अध्यक्ष रोहित चंदनमलागर, भालूकोन्हा ग्रामीण अध्यक्ष प्रभु राम यादव, दीपक यादव, दुर्गेश साहू एवं सौरभ सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दूध कारोबारी ने की मासूम से छेड़खानी

भिलाई। दूध कारोबारी के पांच वर्ष मासूम के साथ छोड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना खुर्सीपार पुलिस थाने का है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दूध कारोबारी को हिरासत में लेकर पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दिलावर यादव नामक व्यक्ति ने पांच साल की मासूम के साथ छेड़खानी की है। मासूम ने जब परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिलावर को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीएसपी प्रशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि दिलावर यादव को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ और जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

कंचन नागवंशी की कहानी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से

भिलाई। छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से महिलाओं के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रम घर आंगन में किया जाएगा।6 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 01.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। कंचन नागवंशी एफएसएनएल के पूर्व राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी की सुपुत्री है। वह छत्तीसगढ़ी और हिंदी में कहानी, कविता, सम-सामयिक विषयों पर आलेख, लेख निरंतर लिख रही है। उनकी छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण 981 किलो मीटर हर्टस एवं छत्तीसगढ़ के सभी केन्द्रों और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है।

खेलकूद के साथ स्वस्थ शिशुओं को किया पुरस्कृत

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज हनुमान मंदिर के पास, शकुंतला स्कूल, विवेकानंद स्कूल के पास आंगन मिलन एवं सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। समारोह के दौरान मेहंदी, रंगोली एवं स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के साथ बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

युवा कांग्रेस चुनाव : फर्जी वोटिंग और झड़प के आरोप, पुलिस तक पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सियासी पारा गरमा गया है। चुनाव के अंतिम दिनों में फर्जी वोटिंग, ऐप हैकिंग, वर्चुअल नंबरों से ओटीपी और झड़प जैसे गंभीर आरोपों से माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। दुर्ग-भिलाई में ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया को लेकर काफी सवाल उठे हैं। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अर्जुन शर्मा ने खुद खुर्सीपार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि सेक्टर-10 निवासी अनिल सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा फर्जी वोटर आईडी कार्ड तैयार करवाकर ऑनलाइन फर्जी मतदान कराया गया। खुर्सीपार स्थित सरकारी आईटीआई में युवाओं से कथित तौर पर फर्जी वोटिंग कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसे लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई। साथ ही वर्चुअल नंबरों, एआई तकनीक से वीडियो/फोटो जनरेट करने और फर्जी ओटीपी के जरिए वोट मैनेज करने के आरोप के साथ चुनावी ऐप को लेकर लगाए गए हैं।

दुर्ग-भिलाई बना हॉट स्पॉट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव की साख दांव पर

गुटबाजी और हिंसक झड़पें

दुर्ग-भिलाई शुरू से ही युवा कांग्रेस चुनाव का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट रहा है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव समर्थकों के बीच खींचतान की खबरें सामने आई हैं। कुछ दिन पहले ही खुर्सीपार क्षेत्र में प्रचार के दौरान भिलाई नगर प्रत्याशी रोबिन सिंह के समर्थकों (कांग्रेसी पार्षद के बेटे रोहन सिंह) और अर्जुन शर्मा के भाई शुभम शर्मा के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई थी, जिसके बाद पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

डिलीवरी बॉय से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

नेहरू नगर में एक पिज्जा डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ, जिसमें दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन सिंह और उनके साथियों पर सुपेला थाने में प्राथमिक दर्ज की गई है।

पूर्व सीएम और विधायक की इमेज दांव पर

यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिला हॉट स्पॉट बना हुआ है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के समर्थक अध्यक्ष पद के लिए अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। यह कहा जा रहा है कि दोनों दिग्गजों ने इस चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद जैसे सभी पैंतरे खेलें हैं।

स्क्रूटनी और भाजपा का हमला

स्क्रीनिंग में निरस्त हो सकते हैं वोट : कांग्रेस के चुनावी तंत्र से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि दर्ज शिकायतों की जांच होगी और स्क्रूटनी के दौरान संदिग्ध फर्जी वोटों को रद्द किया जाएगा। भाजपा का तंज : इस पूरे विवाद को लेकर भाजपा ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ताओं ने इसे कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी, मतदाता सूची में धांधली और वोट चोरी का जीता-जागता प्रमाण बताया है।

प्रवचन : हड्डियों का ढेर देख राम ने ली राक्षस विहीन धरती की प्रतिज्ञा

श्रीराम कथा का भव्य समापनः अविरल भक्ति और समर्पण का संदेश दे गए आचार्य युवराज पांडेय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आज भव्य समापन हुआ। अंतिम दिवस पर आचार्य पं. श्री युवराज पांडेय जी महाराज ने अरण्य कांड और किष्किंधा कांड की कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

महाराज जी ने बताया कि चित्रकूट से विदा लेकर भगवान राम महर्षि अत्रि के आश्रम पहुंचे, जहां माता अनुसूया ने माता सीता को नारी धर्म का उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि नारी चार प्रकार की होती है - उत्तम, मध्यम, निकृष्ट और अधम। उत्तम नारी वही है जो मन-वचन-कर्म से अपने पति में ही परमात्मा को देखती है। वन में आगे बढ़ने पर राम जी ने हड्डियों का विशाल ढेर देखा। ऋषि-मुनियों ने बताया कि ये हड्डियां संतों की हैं, जिन्हें रावण के राक्षस खा जाते थे। यह देख भगवान राम ने प्रतिज्ञा ली कि वे इस धरती को निशाचर विहीन कर देंगे।

प्रेम में स्वार्थ नहीं होना चाहिए: महाराज जी ने कहा कि दिमाग वाला प्रेम नहीं कर सकता, प्रेम तो निश्छल होता है। स्वार्थ में तो सब प्रेम करते हैं। सच्चा प्रेम वही है जहाँ कुछ मिलने की आशा न हो। उन्होंने शरभंग और सुतीक्ष्ण ऋषि की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान को आडंबर और सीजन भक्ति नहीं चाहिए, उन्हें तो एकनिष्ठ समर्पण और सच्चा भाव चाहिए। भटकना नहीं है, समर्पण एक में रखो।

यदि शूर्पणखा न होती तो रावण वध न होता: पंचवटी प्रसंग में महाराज जी ने कहा कि पंचवटी में सुंदर कुटिया बनाकर राम जी रहने लगे। तभी रावण की बहन शूर्पणखा नकली रूप धारण कर आई। मानस का हर पात्र महत्वपूर्ण है, यदि शूर्पणखा न होती तो रावण का वध भी न होता। खर-दूषण वध के समय भगवान ने लक्ष्मण जी को सीता जी की रक्षा का आदेश देकर स्वयं युद्ध किया। उन्होंने कहा कि वेद पढ़ो, दान करो, यज्ञ करो, सब करो लेकिन जब तक सहज-सरल नहीं बनोगे, भगवान को प्रिय नहीं होगे। सीता जी स्वयं जगदंबा हैं।



कर्मा-ददरिया पर झूमा पंडाल

कथा के अंत में महाराज जी ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जोड़ते हुए कर्मा, ददरिया, सुवा, पंथी और भरथरी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर पूरा पंडाल झूम उठा। पूरे पंडाल में 'श्री राम जय राम जय जय राम' का जयकारा गूंज उठा।

उन्होंने कहा कि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू स्वयं रामायण के टीकाकार हैं, मैं उनसे सुनना चाहता हूं। ताम्रध्वज साहू ने सातों दिन कथा बैठकर सुनी। महाराज जी ने कहा कि सात दिन की कथा में से एक ही बात को पकड़ लो तो उद्धार हो जाएगा। अपनी ज्ञान की झोली खाली करके आना और यहाँ से भरकर जाना।

ताम्रध्वज साहू ने किया आभार व्यक्त

समापन अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आचार्य जी का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की जनता, प्रशासन, सभी विभागों, आम जनमानस और आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कथा हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य है। कथा के समापन के अवसर विधायक भिलाई देवेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, अलोक, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बकालीवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। कथा समापन के बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



कोरगुड़ा में गांधी जयंती एवं प्रशिक्षण समारोह, 200 मनरेगा मेट हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम कोरगुड़ा में ब्लॉक मनरेगा मेट संघ द्वारा गांधी जयंती एवं प्रशिक्षण समारोह 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मी नारायण देवांगन थे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक मनरेगा मेट संघ भूषण बांसुरियाने किया।

विशेष अतिथि जिला मनरेगा मेट संघ बालोद खिलावन साहू, जिला मनरेगा सचिव प्रीतम साहू, जिला मीडिया प्रभारी बालोद इंदु पंवार रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में शासन की योजना वीबी जीरामजी की विस्तार से जानकारी एवं गांधी जी की जयंती पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष ने मेट साथियों को ईमानदारी एवं पारदर्शी ढंग से कार्य संपादन पर प्रकाश डाला। कार्य का संचालन प्रदेश संचालक मनरेगा मेट संघ कीर्तन देवांगन ने किया, सलाहकार बिष्णु कोठारी ने संगठन को मजबूती प्रदान, मीटिंग की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर 20 ग्राम पंचायत के 200 मेट और 100 ग्रामीण जन उपस्थित रहे, इस दौरान निर्मल साहू, रेशमा पटेल, दीनदयाल भंडारी, कविता चतुर्वेदी, पूर्णिमा प्रजापति, अमीरदास कृष्ण, प्रेमू नायक, हरखू देशमुख, हेतराम, तुलाराम, रामेश्वर उर्वशा उपस्थित थे।

पीएम आवास निर्माण में भिलाई निगम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप शहर के आर्थिक रूप से कमजोर एवं आवास की आवश्यकता वाले परिवारों को पक्के एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थी-केंद्रित निर्माण (बीएलसी) एवं भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) दोनों घटकों में निगम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। बीएलसी में 99.13 प्रतिशत आवास पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। (शहरी) फेस-1 के बीएलसी घटक में शासन से स्वीकृत 5,115 आवासों में से 5,071 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

नेवई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई दशहरा मैदान स्थित वार्ड क्रमांक 34 में दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के तहत सघन स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास जैतखाम परिसर और दशहरा मैदान में साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ समाज, सुंदर शहर और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का



हिस्सा बनाने और अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता, सादगी और सत्य के विचार तथा लाल बहादुर शास्त्री का जय जवान-जय किसान का संदेश आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, महामंत्री पुनाराम कलिहारी एवं नरेंद्र निर्मलकर, पार्षद ममता सिन्हा एवं गजेंद्री कोठारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, निगम कर्मचारी और वार्डवासी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने चित्रों और विचारों में दर्शाया मेरे सपनों के भारत की तस्वीर, शिक्षा मंत्री ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किये और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना किये । प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचारों और कल्पनाओं को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से साकार करते हुए तकनीक, संस्कार, स्वच्छता और विकसित भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की। वहीं, स्कूल की बालिकाओं ने प्रभावी भाषण के माध्यम से देश के विकास में युवाओं की भूमिका और अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को रेखांकित किये। जेआरडी स्कूल में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए



चित्रों का अवलोकन कर और उनसे बातचीत करते हुए उनके चित्र में ऊकेरे उनके विचारों को जाने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा संकल्प अभियान के तहत यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, विचार और रचनात्मकता को सामने रखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चित्र और भाषण के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला महामंत्री दिलीप साहू, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा, जेडी के व्ही राव, डीईओ जगजीत सिंह धीर सहित अन्य उपस्थित थे।

सितंबर माह में ट्रैफिक पुलिस ने 7,610 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों पर फोकस करते हुए हुए माह सितंबर में 7610 वाहन चालको पर कार्रवाई किया है। जिले में हादसों को रोकने

- बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 6,517 चालक

ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान शुरु किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष रूप से उन ट्रैफिक उल्लंघनों पर फोकस किया गया, जो सड़क हादसों का बड़ा कारण माने जा रहें है। सितंबर माह में शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 142 वाहन चालकों, तेज रफ्तार वाहन 178, बिना हेलमेट 6,517 वाहन , नो-एंट्री



में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 29 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट समेत हादसे संभावित क्षेत्रों में समयानुसार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार, बिना हेलमेट एवं नो-एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश जैसे मामलों पर विशेष निगरानी ट्रैफिक पुलिस रख रही है। ट्रैफिक पुलिस के उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन विकसित कर सड़क हादसों में होने वाली मौत को कम करना है। वाहन चालकों से अपील है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं, नो-एंट्री अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सेवा भाव को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्वच्छता

- श्री शंकरा विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और सेवा का संदेश

भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल



बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख, उपप्रधानाचार्य विजियन बी, प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन और चरनीत कौर संधू, बालवाटिका प्रभारी एम. प्रणति सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं अंजनी साहू एवं शांति मानिकपुरी ने गांधी-शास्त्री जयंती के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कल्याणी बोरतवार ने किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, साफ-सफाई, श्रमदान और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख ने कहा कि गांधीजी के विचार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें अपने आचरण और दैनिक जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, सचिव एस. स्वामीनाथन एवं समिति के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को सेवा और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रेरित किया।

प्रथम दिन भागवत महात्म्य और गोकर्ण संवाद का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2 भिलाई में प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा के आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का

- बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन श्री मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे मानसपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा से परिचित कराया। कथा के दौरान महाराज ने भागवत महात्म्य एवं





गोकर्ण संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के श्रवण की महिमा और उसके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सद्मार्ग दिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। इसके श्रवण और मनन से मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है। कथा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में कमिश्नर राजीव पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भक्तगण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाला गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि शिवम शुभ निवास दुर्ग निवासी दिव्यांश कुकरेजा ने शिकायत किया कि चंगोराभाठा रायपुर निवासी आकाश शुक्ला फर्म शिवम शुभ शॉप,केमिकल वर्क्स, चंदखुरी में कमीशन के आधार पर काम करता था। कार्य के दौरान आकाश फर्म का वॉशिंग पाउडर,साबुन विभिन्न व्यावसायिक पार्टियों को सप्लाई किया गया। उससे मिले रकम को स्वयं अपने पास रख लिया करता था। 28 अप्रैल को अग्रवाल किराना स्टोर, लवन के नाम से मंगाई गई 122 बोरी वॉशिंग पाउडर की राशि 3.70 लाख 49 की राशि आकाश अपने पास रख लिया। मामले में पुलगांव पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज किया।

तालाब में डूबने से युवक की मौत, रेस्क्यू कर निकाला शव

भिलाई। तालाब में नहाते समय अचानक युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर स्थित शिव शक्ति तालाब में शुक्रवार को नहाते समय जामुल निवासी मनी जंघेल गहरे पानी में चला गया। घर से तालाब जाने के लिए युवक निकला था।सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला।

पेज 9 का शेष

अनिला भेंडिया की ...

डोम शेड, शेड एवं यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाएगा। वहीं दुबचेरा एवं भालुकोन्हा में सामुदायिक भवन तथा सीसी सड़क निर्माण के कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों तथा सार्वजनिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

निधन

वेदनाथ चुरेंद्र

डौंडीलोहारा। ग्राम बिजोरा निवासी वेदनाथ चुरेंद्र 61 वर्ष का



रविवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार सोमवार 5 अक्टूबर सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे नगर के प्रगति विद्यालय में व्याख्याता के रूप में लगभग 30 वर्षों से अनवरत अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

आयोजन

'मेरे सपनों का भारत' में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

525 केंद्रों पर हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, 17 हजार विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026 का आयोजन जिले के 525 परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न हुआ। जिले में परीक्षा का आयोजन विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर किया गया। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्तर के 207, माध्यमिक स्तर के 218, हाईस्कूल स्तर के 16, हायर सेकेंडरी स्तर के 80 तथा महाविद्यालय स्तर के 04 केन्द्रों में सम्पन्न किया गया। जिसमें सत्रह हजार विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में स्कूली शिक्षा के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना, सांस्कृतिक चेतना जागृत करना तथा ऋषि–मुनियों द्वारा प्रतिपादित भारतीय संस्कृति से निकट परिचय कराना है।

इसके माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठ परंपराओं, संवेदनाओं एवं सद्गुणों के प्रति आकर्षित करते हुए संस्कारनिष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा दी जाती है। साथ ही सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं संस्कृति की परंपरा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें नैतिक मूल्यों के संवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम है।इस परीक्षा में जिला एवं राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए व्हीएस. अठनागर, भोला राम साहू, दिलीप निर्मलकर, भोलेश्वर सिन्हा, विसंभर बघमरिया, वीरेन्द्र साहू, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, बालाराम सोनवानी, नरेंद्र साहू, युगल किशोर साहू, लोचन साहू, नंदकिशोर पिस्दा, संजय खरे, विजेंद्र विश्वकर्मा, डीलेश्वर साहू, देवी देशमुख, रोहित साहू एवं डॉ. गोपाल साहू सहित अनेक कार्यकर्ता विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 43 विद्यार्थियों ने लिया भाग



डौंडीलोहारा। अंतर्राष्ट्रीय गायत्री परिवार, देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2026 का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया गया। परीक्षा में विद्यालय के 43 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं जीवन-दर्शन के प्रति जागरूकता विकसित करना है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी ने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षाएं विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परीक्षा के सफल संचालन में प्रभारी व्याख्याता अविनाश कुमार साहू, राकेश कुमार कोठारी, आरएन योगी, सूर्योदय मानिकपुरी एवं डामन देशमुख का सहयोग रहा।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 82 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

डौंडीलोहारा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शासकीय संलग्न माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में किया गया। परीक्षा में विद्यालय के कुल 82 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा प्रभारी पीलू राम साहू ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के साथ चारित्रिक विकास करना तथा उनके सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा के दौरान जनपद पंचायत सदस्य डोमेन्द्र राजपूत एवं लक्की महाराज ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। परीक्षा के सफल आयोजन में प्रधानपाठक भूधरदास जोशी, शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन एवं हेमलता केशरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

धर्म दिखावे नहीं, आत्मशुद्धि और विनम्रता का मार्ग : साध्वी प्रियंका श्री

डोंडी। जैन स्थानक भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में साध्वी श्री प्रियंका श्री जी मसा ने धर्म के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म दिखावे, प्रलोभन या मान-सम्मान पाने का माध्यम नहीं होना चाहिए। धर्म का उद्देश्य व्यक्ति के भीतर आत्मशुद्धि, विनम्रता, संयम, सद्भाव और आत्मकल्याण की भावना विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि कई बार व्यक्ति धार्मिक कार्य करता है, लेकिन उसके पीछे समाज में प्रतिष्ठा और प्रशंसा पाने की भावना छिपी रहती है। ऐसी स्थिति में धर्म का बाहरी स्वरूप तो दिखाई देता है, लेकिन आत्मिक भावना कमजोर हो जाती है। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं से धार्मिक कार्यों के साथ अपने भावों की शुद्धता पर भी ध्यान देने की अपील की। साध्वी श्री ने कहा कि मान-सम्मान की इच्छा व्यक्ति को अहंकार की ओर ले जा सकती है। पूजा-पाठ, उपवास, दान, सामायिक, प्रतिक्रमण सहित धार्मिक गतिविधियां दूसरों को दिखाने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए होनी चाहिए। सच्ची साधना वही है, जिसमें बिना किसी अपेक्षा के धर्माचरण किया जाए। उन्होंने कहा कि धर्म का प्रभाव व्यक्ति के व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। वाणी में मधुरता, व्यवहार में सरलता, दूसरों के प्रति करुणा, संयम और सहनशीलता धार्मिक जीवन की पहचान हैं। यदि धार्मिक गतिविधियों के बावजूद क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष बना रहे तो व्यक्ति को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की। साध्वी श्री ने कहा कि धर्म को केवल धार्मिक क्रियाओं तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन के व्यवहार में भी उतारना चाहिए। सच्चा धर्म वही है, जो अहंकार को कम कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए और आत्मा को शुद्धता व शांति की ओर ले जाए।

- मान-सम्मान की चाह साधना को करती है कमजोर, भावों की शुद्धता पर दिया जोर

कबीर पंथ की आध्यात्मिक परंपरा में चौका आरती का विशिष्ट स्थान : शिवेन्द्र



डौंडीलोहारा। भारतीय संस्कृति की विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं में अनेक ऐसे अनुष्ठान हैं, जिनमें आस्था के साथ-साथ जीवन-दर्शन और संस्कारों का संदेश भी निहित है। कबीर पंथ की चौका आरती भी ऐसी ही विशिष्ट आध्यात्मिक परंपरा है, जिसका धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व माना जाता है। शास उच्च माध्य विद्यालय संजारी में पदस्थ इतिहास व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने बताया कि कबीर पंथ में चौका आरती केवल पूजा-अर्चना की एक विधि नहीं, बल्कि गुरु के प्रति श्रद्धा, आत्मसमर्पण और आध्यात्मिक चेतना की अभिव्यक्ति है। इस अनुष्ठान में पवित्र चौका की स्थापना कर गुरु की आराधना, चरण वंदना, तिलक एवं आरती की जाती है।

मतदाता सूची की शुचिता पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा द्वारा नगर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के मार्गदर्शन में आयोजित सभा में कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने नारेबाजी की।

- लोकतंत्र बचाओ सप्ताह में कांग्रेस का हल्लाबोल, दल्लीराजहरा में नुक्कड़ सभा कर उठाई मतदाता अधिकारों की आवाज

सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी देश का मतदाता है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होने और बिना किसी बाधा के मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम उचित प्रक्रिया के बिना मतदाता सूची से हटता है तो यह उसके लोकतांत्रिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

रतिराम कोसमा ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस की आपत्तियां सामने रखीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना निर्वाचन आयोग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है तथा शिकायतों और आशंकाओं पर स्पष्ट जवाब दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी मजबूती इस बात से तय होती है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में मौजूद हो और वह बिना भय या बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से मतदाताओं के अधिकारों की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने तथा यदि किसी पात्र मतदाता का नाम नियमों के विपरीत हटाया गया है तो नियमानुसार उसे मतदाता सूची में पुनः शामिल करने की मांग की।

नुक्कड़ सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग भी उठाई। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि मतदाता सूची की शुचिता और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है। सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रवि जायसवाल, युवराज साहू, अजय नोन्हारे, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक बाम्बेस्वर, के. ईश्वर राव, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, महिंद्रन अप्पू, अजय छाजेड, श्रीनिवास राव, जागेश्वर यादव, चंद्र प्रकाश सिंहा, विवेक मसीह, शाहिल कुमार, धीरपाल नेताम, जय प्रकाश यादव, विजय जोगदंड, राजकुमार साहू, अरुण कुमार रामटेके, प्रदीप कुमार, बाबलू, हीरालाल पवार, रफीक कुरैशी, सलमान खान, मूलचंद निषाद, कुशल ठाकुर, कृष्ण यादव, सूरज विहार, रोशन पटेल, राजेश निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची की शुचिता, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा को लेकर पार्टी का लोकतंत्र बचाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जामगांव आर में 9 से तीन दिवसीय योग शिविर

उपतहसील स्तरीय योग समिति की बैठक में शिविर की तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



उपतहसील स्तरीय योग समिति की चौथा मासिक बैठक योग विधाओं के साथ निर्धारित माह के प्रथम रविवार 4 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे से 6 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में जामगांव आर, औरी, बोरवाय, बेलहारी, नवागांव के योग साधक उपस्थित थे। उपतहसील जामगांव आर स्तरीय त्रिदिवसीय योग शिविर 9 अक्टूबर से प्रातः 5 बजे से 7 बजे रखा गया है।

- 7 अक्टूबर तक पंजीयन कराने वालों को मिलेगी ग्रीन मेट की सुविधा

उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि जीवन को ऊर्जावान बनाए रखने लिए योग के साथ समय प्रबंधन साधना भी करना चाहिए, ध्यान रहे समय का आप साथ दे, तब समय आपका साथ देगा, तब दिल बाग–बाग हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपनी स्वयं की भलाई के लिए योग करें, रोगो से मुक्त जीवन जिए, स्वस्थ जीवन मस्त जीवन के मूल मंत्र को अपनाए। उपतहसील स्तरीय योग शिविर 9 अक्टूबर से जामगांव आर में प्रारंभ हो रही है स्वमेव पंजीयन कराने सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर या योग समिति के योग साधकों से संपर्क कर पंजीयन अवश्य कराएं।

उपतहसील जामगांव आर योग समिति सचिव संतोष साहू के द्वारा रखे गए प्रस्ताव के तहत 9 अक्टूबर से त्रिदिवसीय योग शिविर 11 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला जामगांव आर मैदान में आयोजित किया जाएगा। त्रिदिवसीय शिविर में प्रत्येक दिवस शिविर प्रारम्भ समय 5 बजे से आधा घंटा पहले अर्थात प्रातः 4.30 बजे तक तीनों दिन पहुंच जाने वाले योगसाधकों के बीच ड्रा निकलाकर सम्मानित किया जाएगा, किन्तु इस ड्रा स्पर्धा के लिए उपस्थिती कम से कम 5 योग साधक रखी गई है। 7 अक्टूबर 2026 तक योग साधक ग्रुप में पंजीयन कराने वाले योग साधक को ही ग्रीन मेट की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस दौरान संगठक आसकरण जैन, अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, सचिव संतोष साहू, सहसचिव इंद्रकुमार साहू, योगेंद्र साहू, हलधर महमल्ला, मुकेश चंद्राकर, मेघराज चंद्राकर, अभिषेक, कामता प्रसाद साहू, कनक लाल साहू, बाबूलाल साहू, पीयूष कुमार उपस्थित थे।


जामगांव आर में योग साधकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



जामगांव आर। उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर मैदान में योग की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन करते हुए सामूहिक योग किए, जिसमें जामगांव आर से 9 किलोमीटर दूर गांव वाले भी शामिल हुए। उपतहसील जामगांव आर योग समिति अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने योग साधकों की जज्बा को नमन करते हुए साधुवाद ज्ञापित किए और आशा व्यक्त किए कि योग साधक साधना का रोल माडल बनकर आम जन को प्रेरित करते हुए क्षेत्र को स्वास्थ का उपहार भेंट करेंगे।











खबर संक्षेप

बड़भूम में 19 अक्टूबर से शुरू होगी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

गुरूर। विल्स स्टार क्रिकेट क्लब व अधिकारी कर्मचारी समिति बड़भूम द्वारा बड़भूम प्रिमियर लीग का आयोजन 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक ग्राम बड़भूम में किया जा रहा है। जिसमे प्रथम पुरस्कार तीस हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार बीस हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार दस हजार रूपए रखा गया है। जिसमे समिति रिमेंन्द्र कुंजाम, रामाधर कुंजाम, तरूण मंडावी, शिवम-कुरेटी व अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

धानापुरी में आज से दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन

गुरूर। ग्राम धानापुरी में दो दिवसीय 5 एवं 6 अक्टूबर को दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण सिंन्हा रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच खोमन लाल सिंन्हा करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस छग संगीता भैया राम सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति भागीरथी कोर्राम करेंगे। विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर किशोर साहू होंगे।

छत्रपाल साहू का प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार में चयन

डौंडीलोहारा। शासकीय विद्यालय सेजेश, देवरी के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत मेधावी छात्र छत्रपाल साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय,



पिनकापार (बालोद) के लिए हुआ है। छात्र प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली एवं अध्ययनशील रहा है। अपनी लगन, मेहनत और निरंतर परिश्रम के बल पर उसने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छात्र के चयन से विद्यालय परिवार, परिजनों एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य प्रेम दास टंडन, वंदना तिवारी, रिमझिम श्रीवास्तव, प्रकृति टांक, छबि लाल साहू, रोहिणी साहू, खिलेंद्र साहू, खोमिन साहू, भूपेंद्र साहू, खेमेश्वरी साहू, हेमन साहू, युवराज साहू, शिवेन्द्र बहादुर व्याख्याता संजारी, दिनेश कुमार मालेकर बीआरसीसी, केशव देशलहरे सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह आगे भी अपनी प्रतिभा और परिश्रम से सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा।

शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की मिली लाश

भिलाई। शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि वृंदावन रेस्टोरेंट के पीछे नदी में 60 वर्षीय वृद्ध की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को गोदाखोरों की मदद से बाहर निकालकर शव को मरचूरी भेज दिया है। मृतका पैरों में काले रंग की चप्पल पहनी थी। शरीर पर गोदना बना हुआ है। जिससे उसकी शिनाख्त करने का प्रयास पुलिस कर रही है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

भिलाई। ड्राई डे पर अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को अवैध रूप से देशी शराब बेचने की शिकायत मिली। पुलिस ने दबिश देकर अड़िया मोहल्ला, जोन-02 खुर्सीपार राजु मांझी को शराब बेचते पकड़ा गया। शास्त्री नगर खुर्सीपार गोपाल तेलभुलकर को भी पकड़ा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आयोजन

कुर्मी भवन में राज्य कर्मचारी संघ का सम्मान एवं शैक्षिक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

एलबी संवर्ग की सेवा गणना, टीईटी अनिवार्यता और वीएसके ऐप बंद करने सहित चार मांगों पर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान में कुर्मी भवन बालोद में सम्मान एवं शैक्षिक संगोष्ठी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले भर से आए सैकड़ो शिक्षकों, प्राचार्यो ने इसमें हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष राज्य शिक्षा आयोग छग सुधीर गौतम थे। अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ अश्विनी चेलक ने किया। अतिथि प्रांतीय महामंत्री राज्य कर्मचारी संघ बोधी राम निषाद एवं नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी के साथ शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख राज्य कर्मचारी संघ वीरेंद्र देवांगन, सह संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बालोद राजेश्वर राव उपस्थित थे।

प्रथम सत्र में मां भारती, ओम एवं मां सरस्वती की तैल चित्र का पूजा अर्चना किया गया। राज्य शिक्षा आयोग अध्यक्ष सुधीर गौतम ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कैसे लाएं शासन शिक्षा के क्षेत्र में क्या कार्य कर रही है, आने वाले समय में शिक्षा में क्या बदलाव आएगा, इस पर अपने विचार रखें तथा सबसे सहयोग की अपेक्षा की शिक्षा के क्षेत्र को आगे कैसे ले जाया जाए इस पर चर्चा किया। प्रांत अध्यक्ष अश्वनी चेलक ने संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के साथ हुई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर प्रकाश डाला और कहा कि सार्थक चर्चा हो चुकी है जल्द ही इस पर निर्णय आएगा, महामंत्री बोधी राम निषाद द्वारा संगठन की एकता तथा पूरे छग में राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कार्य योजना के बारे में बताया तथा समस्त जिलों में चल रहे सदस्यता अभियान की जानकारी दी।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने शिक्षकों की मांगों पर प्रकाश डाला तथा उसके निराकरण के लिए किया जा रहे हैं शिक्षा मंत्री से चर्चा के विषयों पर अवगत कराया। राजेश्वर राव ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योजना बनाकर कार्य करना बताया। बालोद जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे ने शिक्षकों की लंबित मांगों को अवगत कराया तथा मांग पत्र सौंपा मांग में प्रथम प्रदेश में कार्यरत एल बी संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ दिया जाए, दूसरा पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए तथा टेट के कारण किसी भी शिक्षक की पदोन्नति ना रोकी जाए, तीसरा व्याख्याता, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं उच्च वर्ग शिक्षकों को शासन के व्यय पर बीएड कराया जाए चौथा वीएसके ऐप को पूरी तरह से बंद किया जाए तथा इसकी जगह में बायोमेट्रिक सिस्टम स्कूलों में लगाया जाए, वीएसके एप के कारण किसी भी शिक्षक का वेतन न रोका जाए।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे द्वारा दिए गए इस मांग पत्र पर शिक्षा आयोग के अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि शिक्षको की सभी मांगे जायज है और शासन स्तर पर इसका प्रयास लगातार चल रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आए प्राचार्य के साथ संगठन के प्रमुख पदाधिकारी में भागवत चतुर्वेदी, लोमनराणा, गेंदलाल साहू, तुलसी डोंगरे, प्रदीप साहू, भेद कोसले, संजय रात्रे, रीमा सोरी, मनोरमा कुम्भज, चेतन यादव, कैलाश नंद, अजय शर्मा, घनाराम देशमुख, दिनेश मालेकर, विवेक धुरव, राजेश पिस्दा, मनीष यादव, राजेश साहू, नरेंद्र जांगड़े, सुरेश देशमुख, पंकज सोनी, ओमप्रकाश गेडरे, हरीश रावटे, होरीलाल पटेल, शत्रुघ्न शाह, भेखराम साहू, ललिता सोरी उपस्थित थे।

तांदुला नदी पुल के पास झुका बिजली पोल, हादसे का खतरा



बालोद। तांदुला नदी पुल के पास पुल के ठीक किनारे लगा हुआ एक बिजली का पोल काफी अधिक झुक गया है। हालात यह हैं कि पोल कभी भी नदी में गिर सकता है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। इसके बावजूद संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा पोल को सीधा करने कि दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का कहना है कि इस गंभीर स्थिति को देखने के बाद भी विभाग द्वारा अब तक किसी प्रकार की सुध नहीं ली गई है और न ही इसे दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि बिजली विभाग किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विद्युत विभाग तुरंत इस मामले को गंभीरता से ले, मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करे तथा झुके हुए इस खतरनाक बिजली पोल को जल्द से जल्द सुरक्षित और दुरुस्त कराए, ताकि किसी भी संभावित जनहानि को समय रहते टाला जा सके।

ओरमा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान





बालोद। ग्राम ओरमा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ। कुपोषण मुक्ति व पोषण जागरूकता पर जोर दिया गया, खेलकूद गतिविधियों में ग्रामीणों और बच्चों ने उत्साह दिखाया। सेवा संकल्प अभियान

- कुपोषण मुक्ति और पोषण जागरूकता का दिया संदेश, खेल गतिविधियों में बच्चों व महिलाओं ने लिया हिस्सा

के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है।

इसी कड़ी में बालोद विकासखंड के ग्राम ओरमा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर कुपोषण उन्मूलन, स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूकता का प्रसार तथा जमीनी स्तर पर समर्पित भाव से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का मनोबल बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट, निष्ठावान एवं निरंतर सराहनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्राम ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सम्मान पाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अत्यंत प्रसन्नचित हुईं और उन्होंने शासन एवं प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'आंगन मिलन सेवा' जैसे आयोजनों से समाज और कार्यकर्ताओं के मध्य आत्मीय जुड़ाव बढ़ता है तथा जमीनी स्तर पर सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

आयोजन के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित आंगन मिलन सेवा के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित माताओं, बहनों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण सुपोषित बचपन से ही संभव है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

आंगन मिलन सेवा के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में विभिन्न रचनात्मक, स्वास्थ्यवर्धक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं, माताओं एवं नन्हें–मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल व कुर्सी दौड़ जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसका सभी ने आनंद उठाया। साथ ही स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों, हरी सब्जियों व अनाजों की आकर्षक प्रदर्शनी सजाकर संतुलित आहार के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अमला, शिशुवती व गर्भवती माताएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सेवा सेतु शिविर में मिला आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली जिंदगी



बालोद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार की परिकल्पना धरातल पर जरूरतमंदों के सपनों को साकार कर रही है। शासन की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं के लाभ को सीधे जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे क्लस्टर स्तरीय शिविर ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली ला रहे हैं। इसी कड़ी में बालोद विकासखंड के ग्राम पंचायत लिमोरा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में ग्राम लिमोरा निवासी गजाधर राम साहू को उनके पक्के आवास का 'पूर्णता प्रमाण–पत्र' प्रदान किया गया।

ग्राम लिमोरा निवासी गजाधर राम साहू ने भावुक होकर अपने अतीत के दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले उनका परिवार एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर था। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने और सीलन के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, गजाधर राम ने बताया कि शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण उनके परिवार के लिए जीवनदायिनी संबल बनकर आई। योजना के तहत मिली किश्तों की सहायता से उन्होंने अपने सपनों का सुंदर और मजबूत पक्का घर तैयार किया। ग्राम लिमोरा के सेवा सेतु शिविर में जब उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विधिवत 'आवास पूर्णता प्रमाण–पत्र' सौंपा गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब वे अपने परिवार के साथ नए पक्के मकान में सुख–शांति, सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन–यापन कर रहे हैं।

प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में लाटाबोड़ प्रथम पिरीद ने हासिल किया द्वितीय स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/लाटाबोड़

सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ एवं पिरीद के विद्यार्थियों ने प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सरस्वती शिक्षा संस्थान, कोनी बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में बाल वर्ग में लाटाबोड़ ने प्रथम तथा शिशु वर्ग में पिरीद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लाटाबोड़ से टुकेश यादव, लकिता नेताम एवं युक्ता यादव विजेता रहे। इनके संरक्षक आचार्य देवेश बघेल का विशेष मार्गदर्शन रहा। वहीं पिरीद से खुशी निर्मलकर, सेजल देशमुख एवं मुक्तिका पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनके मार्गदर्शन में संरक्षक आचार्या मेनका चंद्राकर एवं प्रधानाचार्य नोहरू राम चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं जिला ग्राम भारती ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं संरक्षक आचार्यों को बधाई दी। अब ये विद्यार्थी मध्यप्रदेश के बीना स्थित अशोक नगर में होने वाली क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छग प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

शिक्षिका डीलेस्वरी ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



डौंडीलोहारा। शासकीय प्राथमिक विद्यालय खैरीडीह में शिक्षिका डीलेस्वरी साहू के जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के 88 छात्र-छात्राओं को खीर-पूरी परोसी गई। बच्चों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर सरपंच रामचरण मानकर ने विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षिका डीलेस्वरी साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के पोषण में योगदान देने के साथ उनमें सामाजिक सहभागिता, आपसी समन्वय और अपनत्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में यशवंत निर्मलकर, योगी, परमार, कुंती बाई सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं अन्य उपस्थित रहे। शिक्षिका के जन्मदिन पर आयोजित न्योता भोज की विद्यालय एवं ग्रामीणों ने सराहना की।

जगनाथपुर में आयोजित हुआ तृतीय आवर्ती वर्ग, 84 आचार्य-दीदी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगनाथपुर में झलमला सेइल का तृतीय आवर्ती वर्ग आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दमयंती हरडेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत जगनाथपुर की सरपंच देव कुंवर कोसमा ने की।

कार्यक्रम में जिला ग्राम भारती बालोद के सदस्य सियाराम सार्वा, सिद्धि विनायक शिक्षा समिति जगनाथपुर के अध्यक्ष सुभाषचंद हरडेल, सचिव खिलानंद गिलहरा सहित अभ्यास साहू एवं कोमिन साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुल 12 विद्यालयों के 84 आचार्य एवं दीदीयों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में योग एवं व्यायाम के साथ शिक्षण सत्र आयोजित किए गए। गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर पाठ्य सामग्री के माध्यम से रोचक एवं प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण को सरल, रुचिकर एवं प्रभावी बनाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू उपस्थित रहीं। वहीं देवेन्द्र, राजेन्द्र जेठमल एवं मनोज सुकतेल अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन में शिक्षकों ने प्रशिक्षण के माध्यम से अपने शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

भागवत कथा में नरसिंह अवतार का संगीतमय प्रसंग सुनकर गूंजे जयकारे

श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव की अटूट भक्ति और प्रहलाद के विश्वास से भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम लोन्डी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन रविवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रेरणादायक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार एवं प्रहलाद चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा के दौरान संत निरंजन महाराज ने बालक ध्रुव की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सच्ची श्रद्धा और तपस्या के बल पर भक्त भगवान की कृपा प्राप्त कर सकता है। ध्रुव चरित्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने और भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इसके बाद भरत कथा एवं जड़ भरत चरित्र का वर्णन करते हुए सांसारिक मोह–माया से दूर रहकर ईश्वर भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कथा में भगवान नरसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद का प्रसंग भी सुनाया गया। भगवान विष्णु के प्रति प्रहलाद की अटूट भक्ति और हिरण्यकशिपु के अत्याचार के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। नरसिंह भगवान के प्राकट्य का प्रसंग सुनाए जाने के दौरान कथा स्थल भक्ति और जयकारों से गूंज उठा। पंडित निरंजन महाराज ने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती और भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं।

ग्राम लोन्डी सहित आस पास के क्षेत्रें से श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंचे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह बना हुआ है। साहू परिवार द्वारा आयोजित यह श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ 9 अक्टूबर तक चलेगा। आगामी कथा में गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार एवं राजा बलि प्रसंग का वर्णन किया जाएगा।

